# लाल-काले पानी की जांच के लिए पहुंची टीम





**पानसेमल, ( सतीश केवट )।** ग्राम पंचायत बालझिरी में ट्यूबवेल से निकलने वाले लाल और काले रंग के पानी की जांच के लिए पीएचई अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खेतों में भी निरीक्षण किया। समाचार प्रसारित होने के बाद अधिकारियों ने संज्ञान लेकर संबंधित किसान के यहां पहुंचकर जानकारी ली।

किसान ने बताया कि इसके पूर्व भी इस समस्या के बारे में बताया था, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। पीएचई विभाग के उपयंत्री संदीप मंगरोलिया ने बताया कि टीम द्वारा धामनी नदी, बंद खाद फैक्ट्री से मटेरियल और किसान की बोरिंग से निकलने वाले लाल पानी का सैंपल लिया गया। किसान परिवार से पूछने पर उन्होंने आसपास के अन्य खेतों में भी इस तरह की समस्या होने की जानकारी दी। फैक्ट्री प्रबंधन से आवश्यक जानकारी लेकर उन्हें मटेरियल हटाने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान संदीप मंगरोलिया उपयंत्री, प्रयोगशाला सहायक लोकेश भावसार, रसायनज्ञ, दिलीप मोरे, किशोर प्रजापत, ब्लॉक कार्डिनेटर क्रांति देसले मौजूद रहे।

वहीं अब प्रशासन द्वारा समस्या के निराकरण के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे यह देखने वाली बात होगी। उल्लेखनीय है कि टाकली रोड स्थित सुमन आर्गेनिक खाद फैक्ट्री के परिसर के लम्बे समय से खुले मैदान में रखे रा मटेरियल के कारण निकट की धामनी नदी एवं ग्राम के पेयजल स्त्रोतों में पानी दूषित हुआ था, जिसकी शिकायत एसडीएम रमेश सिसोदिया, तहसीलदार सुनील सिसोदिया को मिलने पर सम्बंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई थी। वर्तमान में फैक्ट्री बंद है। आसपास खेतों में भूमिगत पानी दूषित होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान ने बताया कि उसके एक बेल की भी मौत हो गई है। संभवत: ट्यूबवेल के पानी के कारण यह घटना हुई हो। जिसकी जांच करने की भी मांग की है।

### बारिश के मौसम में लिए गए थे पानी सैंपल

बालझिरी पंचायत अंतर्गत आने वाले रामा फलिया निवासी मुकेश हवलदार डावर, सागर डावर ने बताया कि उनके खेत एवं आसपास के खेतों में करीब 1 वर्ष से ट्यूबवेल से ऐसा पानी निकल रहा है। इस बात से उन्होंने अधिकारियों को भी अवगत कराया है। इस पानी के कारण उनकी मक्का की फसल भी एक बार खराब हो गई थी। साथ ही एक बेल की भी मौत हुई थी। उनका परिवार वर्तमान में पेयजल के लिए निकट के खेत से पानी ला रहे हैं। आसपास के रहवासियों को किसी बीमारी से ग्रसित होने का भय बना हुआ है। वहीं इस मामले को लेकर तहसीलदार सुनील सिसोदिया ने इस पानी को पीने योग्य नहीं बताया। स्थानीय निकाय से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए जाने की बात कही। साथ ही पीएचई अधिकारियों से चर्चा कर उसमें क्या सुधार किया जा सकता है, इसके लिए प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय हे कि वर्षाकाल के दौरान भी इस तरह की शिकायत प्रशासन को मिली थी, जिसके बाद पानी के सैंपल लिए गए थे।



# कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत : जामवाल

**पानसेमल, ( नवभारत )।** भाजपा प्रदेश और जिला संगठन के निर्देशानुसार मंडल पानसेमल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विधायक श्याम बरडे ने भी कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से निमाड़ संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय यादव तथा जिला प्रभारी बाबूलाल यादव की उपस्थिति रही। आयोजन की व्यवस्थाओं में जिला महामंत्री सचिन चौहान, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। संचालन व्यवस्था में मन्ना शुक्ला एवं प्रकाश जोशी का योगदान रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में कार्यकर्ताओं ने अनुशासन, समर्पण और निष्ठा के साथ शपथ ली कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे।

# कालीकुंडी में 3 .77 करोड़ के पुल का भूमिपूजन, मिलेगी राहत

- 75 मीटर लम्बे पुल से ग्रामीणों को
- आवागमन में मिलेगी सुविधा



**सेंधवा, ( नवभारत )।** कालीकुंडी गांव में कनेर नदी पर 3.77 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का भूमिपूजन किया। 75 मीटर लंबे पुल से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने समयसीमा और गुणवत्ता पर जोर दिया।

क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। वरला तहसील के कालीकुंडी में कनेर नदी पर बनने वाले पुल का भूमिपूजन हुआ। इस परियोजना पर करीब 3 करोड़ 77 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजजा आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य, विशेष अतिथि विधायक मोंटू सोलंकी, भाजपा नेता विकास आर्य सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अंतरसिंह आर्य ने कहा कि वरला तहसील के ग्राम कालीकुंडी से मटियामेल मार्ग पर मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत 377.70 लाख की लागत से बनने वाले 76 मीटर लंबे पुल का विधिवत भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा, जिससे विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाली आवागमन की गंभीर समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। इस पुल के बन जाने से ग्रामीणों की शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक केंद्रों तक पहुंच न केवल सुगम होगी, बल्कि सुरक्षित भी होगी।

प्रस्तावित पुल खट्टी-मटियामेल सड़क पर बनाया जाएगा, जिसकी लंबाई लगभग 75 मीटर निर्धारित की गई है। इसका निर्माण मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण बड़वानी द्वारा किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार आएगा और लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी।

मोंटू सोलंकी ने अधिकारियों के देर से पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य समय पर और अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुल निर्माण के बाद गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार से जुड़ी सेवाओं तक पहुंच भी बेहतर हो सकेगी। इस परियोजना से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### परेशानियों का करना पड़ता था सामना

ग्रामीण लंबे समय से पुल की मांग कर रहे थे। कनेर नदी पर बनी पुरानी पुलिया जर्जर स्थिति में थी, जिससे आवागमन में कठिनाई होती थी। बारिश में स्थिति अधिक खराब हो जाती थी, किसानों को फसल ले जाने व मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**पानसेमल, ( नवभारत )।** शासकीय कउमावि में शनिवार प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर कक्षा 1ली से कक्षा 12वीं की छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरण की। नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक श्याम बरडे उपस्थित रहे। माता सरस्वती पुजन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसके बाद अतिथि सत्कार हुआ। विधायक श्याम बरडे, मन्ना शुक्ला, प्रकाश जोशी, चंद्रकांत महाजन ने विचार व्यक्त किए।

संचालन संस्था के वरिष्ठ संजय कुमार शिरोडे ने किया तथा आभार संस्था प्रभारी सरिता धार्वे ने माना। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शिला विनोद वसावे, मंडल, देवराज पाटिल, गोविंद जोशी, पुंडलिक गोसावी, प्रकाश जोशी, नंदकुमार चोपड़ा, सलोनी राणा, दिनेश जाधव उपस्थित रहे। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया।

### अधिकारियों ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**बड़वानी।** स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शनिवार को जिले में भविष्य से भेंट कार्यक्रम हुआ। इस विशेष पहल के तहत प्रशासनिक अधिकारियों ने शासकीय विद्यालयों का भ्रमण कर न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी दिया। विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बेहतर करियर निर्माण के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण के सूत्र बताए। भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक और बुनियादी सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया।

## एक नजर में

### भाभी जी घर पर हैं का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर जी5 पर

इंदौर. इंतजार की घड़ियाँ खत्म हुईं. अपनी मजेदार कहानी और यादों के साथ सिनेमाघरों में दर्शकों को गुदगुदाने के बाद भाभी जी घर पर हैं - फन ऑन द रन की स्ट्रीमिंग अब ज़ी 5 पर हो रही है. यह कॉमेडी-ड्रामा फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया था, जिसमें आपके चहेते किरदारों की अफरा-तफरी और मनोरंजक एडवेंचर ने दर्शकों को खूब हँसाया. इस फिल्म के निर्देशक शशांक बाली हैं और इसमें भाभी जी घर पर हैं नाटक के ओरिज़नल किरदारों को लिया गया है, जिनमें आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, शुभांगी अत्रे, और विदिशा श्रीवास्तव के साथ मुकेश तिवारी और रवि किशन ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं. लंबे समय तक टीवी पर सफल रहे शो भाभी जी घर पर हैं को एक पूरी फिल्म के रूप में परिवर्तित करके इस मूवी में आसिफ शेख और रोहिताश्व गौर को दर्शकों के सामने एक बार फिर क्रमश: विभूति नारायण मिश्रा और मनमोहन तिवारी के रूप में पेश किया गया है. वो अपने लोकप्रिय ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व के अनुरूप एक बार फिर एक दूसरे की पत्नियों के करीब आने के लिए हास्यपूर्ण योजनाएं और अपने ट्रेडमार्क बहाने बनाते तथा मजेदार तिकड़में लगाते हुए नजर आएंगे.

### जी5 ने 'सतरंगी : बदले का खेल' की घोषणा की

इंदौर. हिंदी ज़ी5 एक नई दमदार और भावनात्मक रूप से गहन प्रतिशोध पर आधारित ड्रामा सीरीज़ सतरंगी- बदले का खेल लेकर आ रहा है. उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश की मुश्किल और संवेदनशील पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहाँ परंपराओं का गहरा प्रभाव है, लोगों की पहचान बार-बार परखी जाती है, और हर शांत पल के भीतर बदले की आग सुलगती रहती है. इस शो में अंशुमान पुष्कर, महवश, कुमुद मिश्रा, उपेन चौहान, सद्दाम सोफिया हुसैन, अतुल कुसुम संजय, बी. शांतनु और आमिर खान सहित कई शानदार कलाकारों की मजबूत टीम नजर आएगी। शो के बारे में कावेरी दास, बिज़नेस हेड- हिंदी ज़ी5 और चीफ़ चैनल ऑफिसर एंड टीवी ने कहा हिंदी ज़ी5 में, हमारा मानना है कि सबसे प्रभावशाली कहानियाँ स्थानीय संस्कृतियों के दिल से निकलती हैं, जहाँ पहचान, परंपरा और वास्तविक जीवन की परिस्थितियाँ बेहद व्यक्तिगत तरीकों से जुड़ती हैं. सतरंगी - बदले का खेल के साथ, हम एक ऐसी कहानी की ओर आकर्षित हुए जिसकी जड़ें ग्रामीण उत्तर प्रदेश की मिट्टी में गहरी जमी हैं, फिर भी यह गरिमा, सामाजिक ऊँच-नीच और जुझारूपन जैसे विषयों पर एक नया और बेबाक नज़रिया पेश करती है.

### एलजी ने हासिल की 10 लाख से अधिक एसी की बिक्री

इंदौर. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज 2026 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक एयर कंडीशनर की बिक्री की घोषणा की. यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत में कंपनी के इतिहास में गर्मी के मौसम की सबसे तेज़ और सबसे मजबूत शुरुआत है. इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर होंग जू जियोन ने कहा एक ही तिमाही में 10 लाख एसी की बिक्री का आंकड़ा पार करना केवल एक व्यावसायिक माइलस्टोन नहीं है - यह उस भरोसे का एक शक्तिशाली प्रमाण है जो लाखों ग्राहक हर दिन एलजी पर रखते हैं. भारत वैश्विक स्तर पर एलजी के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, और यह परिणाम हमारेग्राहकों, हमारे भागीदारों और भारत के सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की गहराई को दर्शाता है. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरेक्टर और को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर संजय चितकारा ने कहा इस गति को आगे बढ़ाते हुए, हम घरेलू और वैश्विकग्राहकोंके लिए तैयार किए गए उन्नत, ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं.

### नि :शुल्क व्यक्तित्व विकास केंद्र की कक्षाओं का शुभारंभ

इंदौर. कनाडिया रोड स्थित बुराना खेडी में पुष्पा पिसोलकर पारमार्थिक फाउंडेशन की ओर से व्यक्तित्व विकास की निशुल्क कक्षाओं का शुभारंभ मंत्री तुलसी सिलावट के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य में किया गया. प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए इस तरह की पहल अत्यंत आवश्यक है. श्री सिलावट ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को नई दिशा प्रदान करेंगे. प्रारम्भ में फाउंडेशन के संचालक आरके काबरा, प्राचार्य अरुण मित्तल एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया. फाउंडेशन के प्रमुख आर के काबरा ने बताया कि इस केंद्र पर मनोवैज्ञानिक तरुणा अग्रवाल द्वारा व्यक्तित्व विकास की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा.

# सेवानिवृत्ति के बाद स्वस्थ व तनावमुक्त जीवन : न्यायाधीश मंडलोई

**आलीराजपुर।** सेवानिवृत्त को जीवन में एक नया चरण माना जाता है। सेवानिवृत्त व्यक्ति शासकीय दायित्व से मुक्त होता है और खुद के लिए समय का आनंद लेने का लक्ष्य होता है। उनके लिए सामाजिक, पारिवारिक दायित्व में समय अधिक देने का अवसर होता हैं। सेवानिवृत्त के बाद भी स्वस्थ रहे मस्त रहे व्यस्त जीवन शैली से प्रसन्न रहे और तनाव मुक्त रहे। उक्त विचार मध्यप्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ आलीराजपुर द्वारा स्थानीय जिला न्यायालय में पदस्थ कर्मचारी मंगल सिंह भिंडे के सेवा निवृत्त के अवसर पर आयोजित बिदाई समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार मंडलोई ने व्यक्त किए। इसी के साथ सेवा निवृत्त हो रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मंगल सिंह भिंडे के अच्छे सेवाकाल एवं कार्य व्यवहार की प्रशंसा की और सुखद स्वस्थ दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी । प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार मंडलोई, सीजेएम ज्योत्स्ना आर्य, न्यायाधीश अनुराग सुमन, जज अंशुल चन्द्रा, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलीप मुजाल्दा, प्रशासनिक अधिकारी विजयसिंह भाबर, उपप्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र गोरे एवं सुनील गुप्ता सहित न्यायिक संघ के पदाधिकारियों ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया।



### जीप पर सवार होकर सेवानिवृत्त कर्मचारी का चल समारोह निकाला

कार्यक्रम का संचालन तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष उमेश वर्मा कछवाहा ने किया और आभार सरंक्षक मुकेश कुमार वाणी ने माना। सीजेएम ज्योत्स्ना आर्य ने भी विचार व्यक्त कर मंगल सिंह के कार्य व्यवहार की प्रशंसा की। सम्मान पश्चात जीप पर सवार होकर सेवा निवृत्त कर्मचारी मंगल सिंह भिंडे चल समारोह जिला न्यायालय से मुख्य मार्ग से होता हुआ, टंकी ग्राउंड के निज निवास तक पहूंचा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के सचिव बालू ओहरिया, न्यायालयीन कर्मचारी रीडर अजय गुप्ता बालू ओहरिया, इंदरसिंह सोलंकी, , अनील चौहान , डूंगरसिह सोलंकी, अर्जुन सिंह चौहान, गुलाब सिंह भयडीया, तुकाराम बघेल, अशोक जमरे, ममता चौहान, लालवती खुटे, आरती खोटे, पिंकी मुजाल्दा एवं दरियावसिंह सोलंकी, सिरला सोलंकी तथा जयराम अजनार, संजय भिंडे, गुड्डू गिरवर सहित समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## एक नजर में — ब्रज की होली और टोरंटो एयर शो की है तस्वीरें

# फोटो कला की अनूठी नुमाइश का शुभारंभ



**इंदौर. शहर में कला प्रेमियों के लिए एक खास आकर्षण बनी फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आज भव्य शुभारंभ हुआ. अहमदाबाद के प्रसिद्ध फोटोग्राफर मुकेश ठक्कर की तस्वीरों पर आधारित इस दोहरी प्रदर्शनी का उद्घाटन शहर के गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया.**

प्रीतमलाल दुवा आर्ट गैलरी में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन गुलशन यादव, तनवीर भाई, गुरुदास दुआ एवं डॉ. रमण यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी, फोटोग्राफी के शौकीन और शहरवासी उपस्थित रहे. प्रदर्शनी में दो अलग-अलग विषयों पर तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया है. गैलरी की तल मंजिल पर 'बृज की होली' की रंग-बिरंगी एवं सांस्कृतिक छवियां दर्शकों को भारतीय परंपरा से रूबरू कराती हैं, वहीं पहली मंजिल पर 'टोरंटो एयर शो' की रोमांचक और तकनीकी कौशल से भरपूर तस्वीरें लोगों को आकर्षित कर रही हैं. 'टोरंटो एयर शो' सेक्शन में कनाडा में आयोजित एयर शो की तीन वर्षों की फोटोग्राफी में से चुनी गई 57 बेहतरीन तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं, जो दर्शकों को रोमांचक अनुभव प्रदान कर रही हैं.

# जोबट विधायक सेना महेश पटेल को बड़ी जिम्मेदारी, महिला एवं बाल विकास समिति में बनीं सदस्य

**आलीराजपुर ।मध्यप्रदेश विधानसभा में विभिन्न स्थाई समितियों के गठन के अंतर्गत जोबट विधानसभा क्षेत्र की विधायक सेना महेश पटेल को महिला एवं बाल विकास समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने से पूरे जोबट क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने इसे क्षेत्र के लिए सम्मानजनक उपलब्धि बताया है।**



महिला एवं बाल विकास समिति राज्य की महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों पर काम करने वाली एक महत्वपूर्ण समिति है, जो पोषण, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करती है। ऐसे में समिति में सेना महेश पटेल की भागीदारी को प्रदेश और विशेष रूप से आदिवासी अंचल के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर विधायक सेना महेश पटेल ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके समग्र विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जोबट सहित प्रदेशभर की माताओं-बहनों और बच्चों की समस्याओं को वे मजबूती से सदन और समिति के समक्ष रखेंगी, ताकि उनके जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाया जा सके। स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि सेना महेश पटेल के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास से जुड़े मुद्दों को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को विशेष लाभ पहुंचेगा।